>

Title: Need to complete the fencing of entire Indo-Pak and Indo-China Border.

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, भारतवर्ष हमारा देश है जिसकी सीमायें चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ जुड़ी हुई हैं लेकिन सम्पूर्ण सीमाओं पर तारबंदी नहीं की गई है। यह बात सही है कि वहां हमारे सैनिक निश्चित रूप से खड़े हैं जिनके कारण हम बचे हुये हैं। पाकिस्तान में लोगों को भारत में आतंकवाद फैलाने के लिये ट्रेनिंग दी जा रही है और वहां से हथियार भी आते हैं, अफीम की तस्करी की जाती है। चीन से भी लोग आते हैं। अत: तस्करी रोकने के लिये तथा भारत की सुरक्षा के लिये सीमाओं पर तारबंदी अविलम्ब की जाये।

उपाध्यक्ष महोदय, राजस्थान में बाड़मेर जिले में आतंकवादी आकर जमीनें खरीद रहे हैं। इस संबंध में रोक लगायी जानी चाहिये। वास्तव में, अगर सीमा पर किसी को बसाना आवश्यक है तो किसान मौजूद हैं लेकिन किसानों की फसल बरबाद हो रही है। वहां पर सैनिको को बसाया जाये और तारबंदी की जाये। इसके अलावा किसानों को उनकी जमीन पर तारबंदी किये जाने के बाद अनुकम्पा राशि दी जाये। मेरा निवेदन है कि बाड़मेर सीमा पर सैनिकों को बसाया जाये। यह राष्ट्रीय सुरक्षा का प्रश्न है। इसलिये इस ओर केन्द्र सरकार का ध्यान जाना नितांत आवश्यक है।